

# श्री गगन गोयल

## मण्डल रेल प्रबन्धक, आगरा

श्री गगन गोयल ने दिनांक 28.07.2025 को नये मण्डल रेल प्रबन्धक, आगरा के रूप में पदभार ग्रहण किया । वे 1997 बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सर्विस के अधिकारी हैं। श्री गोयल B.E (Civil) की शिक्षा हासिल करने के उपरांत सन् 1998 से भारतीय रेल में कार्यरत हैं । दक्षिण पूर्व रेलवे के बिलासपुर मंडल से रेल सेवा की शुरुआत करते हुए श्री गगन गोयल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे एवं उत्तर पश्चिम रेलवे में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं ।

श्री गोयल भारतीय रेल के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में अपना योगदान दे चुके हैं, जिनमें मुख्य रूप से दक्षिण पूर्व रेलवे के रायपुर में मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय का निर्माण, भिलाई-दुर्ग तृतीय लाइन, आगरा कैण्ट यार्ड रिमोडलिंग एवं दौसा – गंगापुर नई लाइन इत्यादि शामिल हैं।

आगरा आने से पूर्व, श्री गगन गोयल उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर में मुख्य इंजीनियर (निर्माण) के पद पर कार्यरत थे। श्री गोयल सिंगापुर एवं मलेशिया में भी कई प्रोजेक्ट पर कार्य कर चुके हैं ।

*** * * * ***